RAF SECTOR
NEWS CLIP
09/12/2022

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Lok Mirtra, Phaphamau, (UP)

पुलिस कर्मियोंके साथ आरएएफ के जवानोंने किया फ्लैग मार्च

नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए मंगलवार को पुलिस कर्मियों के साथ आरएएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान शहर के प्रमुख धर्मगुरुओं, स्थानीय राजनेताओं के साथ बैठक भी की। फ्लैग मार्च थाना कोतवाली, महिला पुलिस थाना, अटाला चौक इलाके में निकाला गया।

आरएएफ के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम के मार्गदर्शन में एवं सहायक कमांडेट रामचन्द्र के नेतृत्व में मंगलवार को फैम-एक्स के लिए प्रयागराज में तैनात किया गया है। जिसमें संवेदनशील स्थलों को चिहिन्त करना एवं भविष्य में संभावित दंगों को प्रभावी ढंग से निपटने के लिए योजना बनाने, नगरवासियों में आपसी भाईचारा तथा सौहार्द बना रहे इसके लिए शहर के प्रमुख धर्मगुरूओं, स्थानीय राजनेताओं के साथ बैठक कर बातचीत से उन्हें शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित करना व सभी पुलिस स्टेशन का भ्रमण करना तथा वहां से महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र करना लक्ष्य है।

मंगलवर को सीओ सतेन्द्र तिवारी, सीओ नर सिंह नारायण सिंह, सीओ संजय कुमार सिंह एवं कोतवाली थाना प्रभारी अमर सिंह रघुवंशी, सिविल लाइंस थाना प्रभारी विरेन्द्र सिंह, अतरसुइया थाना प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह के साथ सहायक कमाण्डेंट रामचिन्द्र राम निरीक्षक अनिल कुमार ने सिविल लाइंस, कोतवाली, चौक, महिला थाना, अटाला इलाके में फ्लैग मार्च किया।

Dainik Jagran, Mahoba, (UP)

महोबा: पैदल मार्च करते डीआइजी, एसपी।

विश्व में अद्वितीय है भारतीय संस्कृति : दौनेरिया

महोबा (ब्यूरो) :नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने शौर्य दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व में भारतीय संस्कृति अद्वितीय है। हिन्दू युवा सम्मेलन में देश की एकता और अखण्डता कायम रखने पर जोर दिया गया। इसके बाद शौर्य यात्रा निकाली गई,जिसमें देश भक्ति पर आधारित झाँकी आकर्षण का केन्द्र रही। बजरंग दल के प्रान्तीय संयोजक आचार्य अजीतराज, कामदगिरि पीठाधीश्वर मदन दास महाराज, बजरंग दल के मयंक तिवारी, अनमोल, प्रियंका,नम्रता आदि मौजूद रहे।

डीआइजी,एसपी ने शहर में किया मार्च

6 दिसम्बर मंगलवार को शौर्य दिवस मनाए जाने की सूचना पर जिला मुख्यालय छावनी में तब्दील हो गया। हालांकि शौर्य दिवस पर रैली का आयोजन नहीं किया गया। बल्कि स्कूल में कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों के द्वारा पैदल मार्च किया गया। चित्रकूट धाम मण्डल के डीआइजी विपिन कुमार मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक आर के गौतम, प्रशिक्षु सीओ हर्षिता गंगवार, सीओ सिटि रामप्रवेश राय सहित रैपिड एक्शन फोर्स मौजूद रहे।

Dainik Jagran, Ambedkar Nagar, (UP)

पैदल मार्च कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा

सुरक्षा बल के साथ पैदल मार्च करते पुलिस के अधिकारी • जागरण

संसू, जहांगीरगंज : निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को नवसृजित नगर पंचायत जहांगीरगंज व राजेसुल्तानपुर में सुरक्षा बल और पुलिस ने पैदल मार्च किया।

सीओ राम बहादुर सिंह के नेतृत्व में थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी व थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रमाकांत, उपनिरीक्षक विनय सिंह, रामसुमेर सहित अन्य पुलिसकर्मियों तथा पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने बाजारों में पैदल मार्च कर आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सीओ ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को मुकम्मल बनाने के लिए संबंधित थानाध्यक्षों को दिशा निर्देश दिया गया है। चुनाव को सकुशल संपन्न करना है। यदि कहीं कोई गड़बड़ी पर सख्ती से निपटा जाएगा। सकुशल चुनाव संपन्न कराना ही प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी प्रकार का खलल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम जनमानस को पूरा भरोसा दिलाया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।